मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में चमका जामिया मिल्लिया इस्लामिया; 761-770 बैंड में प्राप्त की पोजिशन**

नई दिल्ली, 19 जून, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने लंदन बेस्ड क्यूएस रैंकिंग एजेंसी द्वारा जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 761-770 बैंड में पोजिशन प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह 2025 में 851-900 बैंड की अपनी पिछले पोजिशन से काफी ऊपर है।

जामिया के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ और रजिस्ट्रार, प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए पूरी जामिया बिरादरी, विशेष रूप से संकाय सदस्यों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों को बधाई दी। प्रो. आसिफ ने कहा, "यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान बेहद संतोषजनक है और विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण मानकों और शोध में उत्कृष्टता को दर्शाता है। हम जेएमआई को एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो किसी से पीछे नहीं है।" प्रो. रिज़वी ने कहा, "विश्वविद्यालय समुदाय का कठोर परिश्रम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में परिलक्षित होता है, जिसमें हम काफी ऊपर उठे हैं। यह हमारे शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए अधिक सफलता के लिए प्रयास करने के लिए नए मानक स्थापित करता है।"

जेएमआई के कुलपति और रजिस्ट्रार ने रैंकिंग से संबंधित डेटा और गुणवत्ता वृद्धि पहलों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आईक्यूएसी टीम को विशेष रूप से बधाई दी, जिसने इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में अपनी रैंकिंग में और सुधार करने और अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने का निरंतर प्रयास करेगा।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी